**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-24 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 24 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 30 अगस्त, 2024 तक अमराई गांव जनपद-लखनऊ में नगर निगम के अन्तर्गत कितनी नई रोडों का निर्माण किया गया है ? | अमराई गांव जनपद-लखनऊ में नगर निगम, लखनऊ द्वारा निर्दिष्ट अवधि के दौरान चार मार्गों का निर्माण/सुधार कार्य किया गया है। |
| (ख) क्या विंध्यवासिनीपुरम इन्दिरा नगर सेक्टर-11, अमराई गांव लखनऊ में नहर पर शगुन विहार फेस 2 मोड से दिनेश चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0 रोड व नाली न होने के कारण स्थानीय नागरिकों/राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ? | प्रश्नगत कार्य के स्थलीय निरीक्षणोपरान्त यह पाया गया कि शगुन बिहार फेस-2 मोड़ से दिनेश चौहान के घर तक सड़क की जानकारी नहीं हो पा रही है। स्थल पर स्थानीय जनता से भी वार्ता की गई, परन्तु दिनेश चौहान नामक व्यक्ति या उनके मकान की जानकारी किसी को प्राप्त नहीं है। प्रकरण में कोई सम्पर्क बिन्दु/मोबाइल नम्बर भी उपलब्ध नही है, जिससे स्थल की सही जानकारी प्राप्त की जा सके। इस सम्बन्ध में मा0 सदस्य विधान परिषद से भी दूरभाष पर वार्ता की गयी, किन्तु उनके द्वारा भी प्रश्नगत स्थल के सम्बन्ध में कोई सूचना नही दी जा सकी। इस कारण प्रश्नगत मार्ग व नाली का निर्माण कराया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। |
| (ग) यदि हॉं, तो कब तक विंध्यवासिनीपुरम इंदिरा नगर सेक्टर-11, अमराई गांव, लखनऊ में नहर से शगुन विहार फेस 2 मोड से दिनेश चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0 रोड व नाली का निर्माण करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |

**( ए.के. शर्मा )**
**मंत्री,**
**नगर विकास विभाग।**

Scanned with CamScanner